समाचार

# मुड़ापार तालाब का होगा बहुप्रतीक्षित जीर्णोद्धार व विकास का कार्य, शारदा विहार में बनेगा एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया 02 करोड़ 33 लाख रूपये के उक्त विकास कार्यो का भूमिपूजन)



कोरबा 29 अक्टूबर 2019—निगम के वार्ड क्र. 12 के अंतर्गत आने वाले मुड़ापार तालाब के जीर्णोद्धार व विकास का कार्य कराए जाने की बरसों पुरानी व बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए मुड़ापार तालाब का विकास व जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार शारदा विहार में एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण भी होगा। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा उक्त दोनों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 12 के अंतर्गत आने वाले मुड़ापार तालाब के जीर्णोद्धार व विकास का कार्य 01 करोड़ 52 लाख 65 हजार रूपये की लागत से कराया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्र. 12 अंतर्गत शारदा विहार में 79 लाख 94 हजार रूपये की लागत से एक सर्वसुविधायुक्त गार्डन का निर्माण एवं सौदंर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। आज प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उक्त दोनों महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके द्वारा किया गया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा पूजा अर्चना कर विकास कार्यो का शुभारंभ कराया।

05 वर्ष के कार्य, कोरबा के विकास में मील के पत्थर— भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा विगत 05 वर्षो के दौरान किए गए विकास कार्य कोरबा के विकास में मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होने कहा कि इन 05 वर्षो में जितने विकास कार्य किए गए हैं, उतने कार्य पिछले 15 वर्षो के दौरान भी नहीं हुए, उन्होने कहा कि कोरबा की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या

का सम्पूर्ण निदान हुआ, निगम ने इन 05 वर्षो में सम्पूर्ण विद्युतीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त किया, अंधेरे में डूबी बस्तियों में बिजली पहुंचायी, आवासीय मकानों को फ्री होल्ड कर लोगों को मालिकाना हक दिया, महापौर ने सम्पत्तिकर को कम करके इतिहास रचा तथा नागरिकों को बड़ी राहत दी। निगम क्षेत्र के ग्रामों व पिछड़ी बस्तियों में शहर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई, फ्री में 35000 नल कनेक्शन कोरबा क्षेत्र में दिए गए, वहीं कोरबा पश्चिम क्षेत्र में 12000 निःशुल्क नल कनेक्श्न दिए जा चुके हैं, उन्होने कहा कि नगर निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के केवल जनता की मांग, उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर व्यापक पैमाने पर विकास कार्यो को कराया गया, लोगों की समस्याएं दूर हुई, उन्हें मूलभूत सुविधाएं मुहैया हुई, निश्चित रूप से इस कार्यकाल में जिस तेजी के साथ विकास किया गया, वह अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

<u>मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ</u>– राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में तेजी के साथ लागू की गई है, जिनका लाभ प्रदेश की जनता को वास्तविक रूप से प्राप्त हो रहा है, उन्होने कहा कि नरवा–गरूवा–घुरूवा–बाड़ी योजना के अंतर्गत कोरबा के गोकुलनगर में प्रदेश का पहला गोठान निर्मित कराया गया था, जबकि दूसरा गोठान पम्प हाउस में बनाया जाएगा, जिसे गौशाला के रूप में संचालित करने की भी योजना है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कोरबा को बड़ी सौगाते दी गई हैं, कोरबा को जोड़ने वाली सभी प्रमुख सड़कों का निर्माण होगा, मेडिकल कालेज मिलेगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान सहित अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में तेजी के साथ किया जा रहा है और इन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

<u>अपेक्षा से अधिक हुए विकास कार्य</u>– इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी की ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती उषा तिवारी ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा निगम क्षेत्र में अपेक्षा से अधिक विकास कार्य कराए गए हैं, क्षेत्र की जनता की सभी आवश्यक मांगों को पूरा किया गया, लोगों की बरसों की समस्याएं दूर हुई हैं तथा मूलभूत सुविधाओं में व्यापक रूप से बढ़ोत्तरी हुई है।

<u>पुरानी मांग जो पूरी हुई</u>– इस अवसर पर वार्ड क्र. 12 के पार्षद श्री जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मुड़ापार तालाब के जीर्णोद्धार व विकास कार्य की मांग बहुत पुरानी है, जो आज पूरी हुई, इसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जी एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल जी को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूॅं। उन्होने कहा कि इसका लाभ वार्ड क्र. 12 के साथ–साथ अन्य वार्डो के नागरिकों को भी प्राप्त होगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, मनकराम साहू, सीताराम चौहान, इस्माईल कुरैशी, इंदिरा कौशिक, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद जितेन्द्र गुप्ता, गीता महंत, मनीष शर्मा, मनहरण लाल राठौर, वीरसायं धनुवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्यामसुंदर सोनी, विकास सिंह, सुरेश सहगल, मुकेश राठौर, महेश अग्रवाल, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के.शर्मा, आर. के.चौबे, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, आर.के.भोजासिया, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ. संजय तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, राकेश मसीह, सपना चौहान, राजा राम तिवारी, बसंत चन्द्रा, गीता गभेल, संतोष लांझेकर, विध्यांचल झा, सुभाष अग्रवाल, मदन शर्मा आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।